CUH student got employment

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Aaj Samaj **Date: 23-08-2024**

हकेवि की छात्रा सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की विद्यार्थी शिवानी कुमारी का चयन प्रतिष्ठित आरपीआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, करनाल में सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सहायक प्रोफेसर के पद पर चयन के लिए शिवानी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके परिणामस्वरूप हमें विद्यार्थियों की ऐसी सफलताएं लगातार देखने को मिल रही हैं। विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग की छात्रा शिवानी कुमारी का चयन प्रतिष्ठित संस्थान आरपीआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, करनाल, हरियाणा में हुआ है। विभाग के शिक्षकों डॉ. सुमित कुमार, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. अशोक जांगड़ा, डॉ. मनीषा पांडे ने चयनित छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि शिवानी कुमारी की यह सफलता निश्चित रूप से विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली समग्र शिक्षा एवं व्यावहारिक कौशल के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 23-08-2024**

हकेंवि की छात्रा शिवानी सहायक प्रवक्ता चयनित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की विद्यार्थी शिवानी कुमारी का चयन प्रतिष्ठित आरपीआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस करनाल में सहायक प्रो. के पद पर हुआ।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सहायक प्रो. के पद पर चयन के लिए शिवानी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग की छात्रा शिवानी कुमारी का चयन प्रतिष्ठित संस्थान आरपीआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस करनाल, हरियाणा में हुआ है। विभाग के शिक्षकों डॉ. सुमित कुमार, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. अशोक जांगड़ा, डॉ. मनीषा पांडे ने चयनित छात्रा को बधाई दी। संवाद

शिवानी कुलपति व शिक्षकों संग। स्रोत : हकेंवि